रक्षा मंत्री ने लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल निर्माण इकाई की आधारशिला रखी

चर्चा में क्यों?

26 दिसंबर, 2021 को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में ब्रह्मोस एयरोस्पेस क्रूज मिसाइल निर्माण इकाई और डीआरडीओ की रक्षा प्रौद्योगिकी परीक्षण केंद्र की आधारशिला रखी।

प्रमुख बिंदु

- ब्रह्मोस भारतीय सेना के लिये अगली पीढ़ी की सुपरसोनिक मिसाइल विकसित करने हेतु भारत के रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) तथा एनपीओएम, रूस के बीच एक संयुक्त उद्यम है।
- ब्रह्मोस परियोजना से 5,500 नए रोज़गार के अवसर पैदा होने का अनुमान है, जबकि सहायक आपूर्ति शृंखला अतिरिक्त 10,000 रोजगार पैदा करेगी।
- उल्लेखनीय है कि भारतीय रक्षा बलों के तीनों अंगों-थल सेना, वायु सेना और नौसेना ने पहले ही ब्रह्मोस उन्नत हथियार प्रणाली को शामिल कर लिया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/defense-minister-lays-foundation-stone-of-brahmos-missile-manufacturing-unit-in-lucknow